भारत तंज़ानिया संबंध

प्रलिम्सि के लयि:

तंज़ानिया के सीमावर्ती देश, विक्टोरिया झील, न्गोरोंगोरो क्रेटर, माउंट किलिमिंजारो, तांगानिका झील।

मेन्स के लयि:

भारत और तंज़ानिया के बीच सहयोग के क्षेत्र, द्विपक्षीय समूह और समझौते, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन

स्रोत: पी. आई. बी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में नई दिल्ली में **भारत-तंज़ानिया निवेश फोरम में तंज़ानिया के राष्ट्रपति** का स्वागत किया।

- भारत और तंज़ानिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को **रणनीतिक साझेदारी** के स्तर पर उन्नत किया है।

इस यात्रा से प्रमुख बिंदु:

- दोनों देशों ने विभिन्न महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को मज़बूत करने के लिये **छह समझौतों** पर हस्ताक्षर किये।
  - इसमें **डिजिटल डोमेन, संस्कृति, खेल, समुद्री उद्योग** और **व्हाइट शिपिंग सूचना साझाकरण** में सहयोग शामिल है।
  - ये समझौते दोनों देशों के बीच तकनीकी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की नींव रखते हैं।
- दोनों देश भारत में अधिकृत बैंकों को **तंज़ानिया में संपर्की बैंकों के विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (Special Rupee Vostro Accounts- SRVA)** खोलने में सक्षम बनाकर भारतीय रुपए और **तंज़ानियन शिलिंग** के बीच व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं।
  - वर्तमान में समस्याओं को दूर करने और इस मुद्रा व्यापार तंत्र की स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं।
- नव स्थापित **पंच-वर्षीय रक्षा रोडमैप सैन्य प्रशिक्षण, समुद्री सहयोग, क्षमता निर्माण और रक्षा क्षेत्र** में विस्तारित सहयोग में सहायता प्रदान करेगा।
- दोनों देशों ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।
  - जुलाई 2023 में पहली बार हुए **भारत-तंज़ानिया संयुक्त विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) अनुवीक्षण अभ्यास** की सफलता इस दिशा में एक सकारात्मक कदम था।
- तंज़ानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन को दिल्ली के **जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय** से **डॉक्टरेट की मानद उपाधि** मिली।
  - वह भारत और तंज़ानिया के बीच **आर्थिक कूटनीति, क्षेत्रीय एकीकरण और बहुपक्षवाद** को बढ़ावा देने में योगदान के लिये यह **सम्मान प्राप्त करने वाली प्रथम महिला** हैं।
- तंज़ानिया सरकार ने यह भी घोषणा की कि वे इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस और ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस में शामिल होंगे।

तंज़ानिया से संबंधित मुख्य तथ्य:

- **परिचय:** तंज़ानिया पूर्वी अफ्रीका का सबसे बड़ा देश है। **आठ पड़ोसी राष्ट्रों** के साथ यह सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं वाले दुनिया के शीर्ष 10 देशों में से एक है।
  - **ज़ांज़ीबार, पेम्बा** और **माफिया द्वीप** भी तंज़ानिया का हिस्सा हैं।

//

- **राजधानी: दार-एस-सलाम** देश की **प्रशासनिक** राजधानी है जबकि **डोडोमा विधायी राजधानी** है।
- **मुद्रा:** तंज़ानियन शिलिंग
- **भू-आकृति:**
  - इसके **उत्तरी क्षेत्र में विक्टोरिया झील** का **दक्षिणी भाग** है जो **नील नदी का स्रोत** है।
    - इसके अतिरिक्त उत्तर में विश्व प्रसिद्ध **नागोरोंगोरो क्रेटर** है, जो **विश्व का सबसे बड़ा ज्वालामुखी काल्डेरा** है।
  - इसका उत्तरपूर्वी भाग पहाड़ी क्षेत्र से घिरा है। इसी क्षेत्र में सक्रिय ज्वालामुखी **माउंट मेरु** और अफ्रीका का सबसे ऊँचा पर्वत एवं **विश्व का सबसे ऊँचा एकल मुक्त खड़ा पर्वत माउंट किलिमंजारो** है।
  - **पश्चिम में तांगानिका झील** है जो **विश्व की दूसरी सबसे गहरी झील** है।
  - पूर्वी क्षेत्र में हिंद महासागर और अन्य तटीय तराई क्षेत्र हैं।

भारत और तंज़ानिया के बीच सहयोग के अन्य क्षेत्र:

- **परिचय:**
  - भारत तंज़ानिया को **हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख भागीदार के रूप में देखता** है, यह दोनों देशों के व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ को दर्शाता है।
    - तंज़ानिया **भारत-अफ्रीका संबंधों** में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- **आर्थिक सहयोग:**
  - भारत तंज़ानिया के निर्यात के लिये सबसे बड़ा गंतव्य देश है और दोनों देशों के बीच **वर्ष 2022-23 में कुल व्यापार 6.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था**, जिसमें 3.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर का भारतीय निर्यात भी शामिल था।
    - भारत तंज़ानिया में पाँचवाँ सबसे बड़ा निवेशक है।
  - **भारत द्वारा तंज़ानिया को निर्यात की जाने वाली प्रमुख वस्तुएँ:** पेट्रोलियम उत्पाद, फार्मास्युटिकल उत्पाद, मशीनरी, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, इलेक्ट्रिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, चीनी और चीनी कन्फेक्शनरी आदि।
  - **भारत में तंज़ानिया द्वारा आयात किये जाने वाले प्रमुख वस्तुएँ:** सोने के अयस्क, काजू, मसाले (मुख्य रूप से लौंग), अयस्क और धातु स्क्रैप, रत्न, आदि।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-tanzania-relations